नई दिल्ली/ लखनऊ › सोमवार, 16 अप्रैल 2018 › चैत्र 26 शक संवत 1940 वैशाख कृष्ण अमावस्या विक्रम 2075 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER पेज 20* › मूल्य सिर्फ 3.00 रु. facebook.com/nbtlucknow›twitter.com/nbtlucknow

NBT
नवभारत टाइम्स

सीरिया हमले पर रूस का प्रस्ताव खारिज
›p16

अश्विन ने जड़ा 100 वां सिक्स
›p15

गोमतीनगर से केजीएमयू और पीजीआई तक चलेगी सिटी बस

एनबीटी, लखनऊ : गोमतीनगर निवासियों के लिए अब केजीएमयू और संजय गांधी पीजीआई जाने के लिए सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई है। इस बस सेवा के शुरू होने से आठ लाख की आबादी को लाभ मिलेगा। सिटी बस सेवा को परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अनुरोध पर किया गया है।

महासमिति की रविवार को एक बैठक हुई। महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि गोमतीनगर के लोगों को सिटी बस की सेवा से लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोमतीनगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अवैध कब्जों से मुक्त करवाना होगा। इस दौरान विशाल खंड में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जांच करवाई। उन्होंने कहा कि मिठाईवाले चौराहे से लेकर गोमतीनगर थाने तक सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने की की मांग भी उठाई गई। आवारा पशुओं के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए नगर निगम से अनुरोध भी किया गया।